दिन–शनिवार	दिनांक– 14 / 03 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से।	अवधि – 05 मिनट

केंद्र सरकार ने घरों, अस्पतालों, शिक्षण संस्थानों और अन्य आवश्यक सेवाओं को निर्बाध ईंधन आपूर्ति का आश्वासन दिया है। रिफाइनरियों में घरेलू एलपीजी उत्पादन में तीस प्रतिशत से अधिक की वृद्धि की गई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि उपभोक्ताओं को प्राथमिकता के आधार पर वितरण के लिए राज्य सरकारों को व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध कराए गए हैं। उन्होंने बताया कि घरेलू पीएनजी और वाहनों के लिए सीएनजी की आपूर्ति बिना किसी कटौती के सुनिश्चित की जा रही है। सभी खुदरा विक्रेताओं को ईंधन वितरण के दौरान दिशा–निर्देशों का सख्ती से पालन करने का निर्देश दिया गया है और किसी भी उल्लंघन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

राज्य सरकार ने एलपीजी वितरण से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की है। खाद्य और उपभोक्ता संरक्षण विभाग के तहत गठित नियंत्रण कक्ष का टेलीफोन नम्बर है – **शून्य छह एक दो दो दो तीन तीन शून्य पांच शून्य**। इस टेलीफोन नम्बर पर उपभोक्ता सुबह सात बजे से रात्रि नौ बजे तक एलपीजी की उपलब्धता, वितरण या इससे संबंधित किसी प्रकार की समस्या तथा शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। इस बीच, प्रदेश में रसोई गैस की कालाबाजारी के खिलाफ कार्रवाई तेज कर दी गयी है। मोतिहारी के ईदगाह रोड स्थित मठिया जीरात स्थित एक जेनरल स्टोर में पुलिस ने छापेमारी कर गैस सिलेंडर की रिफिलिंग करते दुकानदार को गिरफ्तार किया है। मौके से तीन गैस सिलेंडर बरामद किये गये।

सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन ने आज बिहार के तैतालीसवें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। लोक भवन में आयोजित समारोह में पटना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति संगम कुमार साहू ने उन्हें पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज समृद्धि यात्रा के दौरान बेगूसराय जिले में लगभग दो सौ चौहत्तर करोड़ रुपये की लागत वाली चार सौ दो विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसंवाद में मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले दो दशक में स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और आधारभूत संरचना निर्माण जैसे क्षेत्रों में राज्य ने उल्लेखनीय प्रगति की है। उन्होंने कहा कि सरकार अगले पांच वर्षों में एक करोड़ लोगों को नौकरी और रोजगार देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार लोगों के जीवन को सुगम बनाने की दिशा में लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री अब से थोड़ी देर बाद शेखपुरा में समृद्धि यात्रा के तहत आयोजित कार्यक्रमों में शामिल होंगे। श्री कुमार लगभग दो सौ छह करोड़ रूपये की लागत वाली तीन सौ सोलह विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास करेंगे। मुख्यमंत्री की समृद्धि यात्रा के तीसरे चरण का आज अंतिम दिन है।

पटना उच्च न्यायालय समेत प्रदेश की सभी अदालतों में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। लोक अदालत में आपसी समझौते के आधार पर विभिन्न प्रकार के दीवानी और कुछ प्रकार के आपराधिक मामलों का निपटारा किया जा रहा है। लोक अदालत में बैंक ऋण, बिजली वाद, वाहन दुर्घटना बीमा और श्रमवाद जैसे मामले आपसी सहमति के आधार पर निष्पादित किये जा रहे हैं।

केंद्र सरकार ने यूट्यूब पर प्रसारित एक वीडियो का खंडन किया है, जिसमें दावा किया गया है कि सरकार पीएम लैपटॉप योजना के तहत सभी छात्रों को मुफ्त लैपटॉप या पच्चीस हजार रुपये की वित्तीय सहायता प्रदान कर रही है। पत्र सूचना कार्यालय की तथ्य जांच इकाई ने बताया कि वीडियो में किया गया दावा फर्जी है। इकाई ने बताया कि केंद्र सरकार वर्तमान में ऐसी कोई योजना नहीं चला रही है।

अररिया जिले के आरएस थाना क्षेत्र अंतर्गत मुरबल्ला नहर चौक के पास पुलिस ने वाहन जांच के दौरान बीस लाख रुपये मूल्य की डेढ़ किलो स्मैक के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार तस्कर पश्चिम बंगाल का रहने वाला है।

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।